JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road, Rajarajeshwari Nagar,
Bangalore - 560 098

Date: /10/2018 **SUBJECT: Hindi**

I PUC
Mock Examination jan 2018

Timings Allowed: 3Hrs 15 Minutes. ***Total Marks: 100***

सुचना: सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपी में लिखना आवश्यक है।
:प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

I अ) एक शब्द या, वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए: 6 x 1 = 6

१ श्रीकंठ कब घर आया करते थे?
२ महादेवी वर्मा को किसकी पत्तियाँ चुभ रही थीं?
३ हृदय रोगियों के लिए किस तरह का भोजन अच्छा नहीं है?
४ सबसे ऊँचे स्थान पर बना हुआ मंदिर कौन–सा है?
५ पुलिस की कितनी गाडियाँ आयी थीं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9

७) सर्व धर्म सहिष्णुत के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के विचार हैं?
८) निन्दा को पूँजी बनानेवालों के बारे में लेखक ने क्या कहा है?
९) लंडन के गोलमेज सम्मेलन में अंबेडकर जी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला ?
१०) हिमालय की विशेषता का वर्णन कीजिए ।
११) वैद्य परमानंद का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा? 4 x 1 = 4

१२)'बहू–बेटियों का यह स्वभाव अच्छा नहीं कि मर्दों के मुँह लगे ।"
१३) 'अभी सुबह की गाडी से उतरा और एकदम तुमसे मिलने चला आया ।'
१४) 'कहिए, दिल जम गया या बच गया ।'
१५) 'भूमि माता है,मै उसका पुत्र हूँ ।'

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 x 3 = 6

१६ **'स्त्री गालियाँ सह लेती हैं, मार भी सह लेती हैं, पर मैके की निंदा उनसे नहीं सहीं जाती'**
१७'मोहन का दूध कब गर्म होगा', 'अभागी मरती भी नहीं आदि ।
१८ 'जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना' ।
१९ 'भूमी माता है,मैं उसका पुत्र हूँ।'

III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6 x 1 = 6

२० कबीर के दोनों और कौन खडे हैं?
२१ गोपी सिर पर क्या धारण करना चाहती है?
२२ तट पर आकर कौन पानी पीते हैं?
२३ दुनिया कैसी है?
२४ वीर काँटों को क्या समझता है?
२५ स्वार्थी संसार क्या याद नहीं रखता?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 3 = 6

२६ अक्कमहादेवी के अनुसार भव सागर में कैसे रहना चाहिए?
२७ कवि की दुःखी आत्मा का परिचय दीजिए ।
२८ 'मत घबराना' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।
२९ नारी की शक्ति रुपों का वर्णन कीजिए ।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 x 4 = 8

३० काल करै सो आज कर, आज करै सो अब्ब ।
पल में परलै होयगा, बहुरि करैगा कब्ब ॥

अथवा

मानुष हो तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौं, तो कहा बसु मेरो,चरौ नित नंद की धेनु मंझारन॥
पाहन हौं तो वही गिरि कौ, जो धरयौ कर छत्र पुरंदर धारन।
जो खग हौं, बसेरो करौं मिलि कालिंदी–कुल–कदंब की डारन॥

३१ तुम गा दो,मेरा गान अमर हो जाए ।
मेरे वर्ण–वर्ण विशृंखला,
चरण–चरण भरमाये,
गूंज–गूंजकर मिटानेवाले
मैंने गीत बनाये ।

अथवा

बचपन में चहक, चिरैय्या सी तुम इठलाती
माता–पिता के मन में आनंद हिलोर उठाती ।
चलती ठुमक–ठुमक, बजती पैजनियाँ प्यारी
बाबुल के अंगना में तुलसी बिरावा सी न्यारी ॥

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6 x 1 = 6

३२ कहानी सुनने का शौक किसको था?
३३ शमशान को क्या बनने की तमन्ना है?
३४ किसकी सगाई हो रही थी?
३५ चंद्रप्रकाश की पत्नी का नाम क्या है?
३६ सिलिया की सहेली का नाम लिखिए ।
३७ प्रमोद ने क्या खाने के लिए जिद पकडी थी?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9

३८ मधुआ का चरित्र चित्रण कीजिए ।
३९ नव युवक के बारे में श्मशान का अंतःकरण क्या रहा?
४० खून का रिश्ता'कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
४१ चंद्रप्रकाश अपने फ्लैट में बेघर लोगों को क्यों नहीं रख पाया?
४२ सिलिया की शादी के बारे में उसकी माँ को लोगों ने क्या सलाह दी?
४३ मँझले लडके मोहन के रुप–रंग और स्वभाव के बारे में लिखिए ।

V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : **5 x 1 = 5**

४४ क) हवा तेज बहने लगा।

ख वह घर को जा रहा है।

ग) मेज में पुस्तक पडी है।

घ) तेरे को क्या हो गया है?

ङ) बैल और बकरे चर रही है।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : **5 x 1 = 5**

(से, में, को, की, का,)

४५ क) किसान खेत___काम करते हैं।

ख) गीता___पुस्तक मेरे पास है।

ग) यह रोहन___घर है।

घ) पेड___पत्ता गिरा ।

ङ) उसने भिखारी___भीख दी ।

इ) मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :

4 x 1 = 4

४६	१) आँख दिखाना	प्रसन्नता से रोम रोम खिलना
	२) अंग अंग मुस्काना	प्रतीक्षा करना
	३) पानी पानी होना	क्रोध करना
	४) तारे गिनना	लज्जित होना

ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **3 x 1 = 3**

४७ क) उसने करवट बदली । (वर्तमानकाल में बदलिए)

ख) पिताजी मैसूर जा रहे हैं। (भूतकाल में बदलिए)

ग) उसने दरवाजा खोला । (भविष्यत काल में बदलिए)

४८ उ) **अन्य लिंग रूप लिखिए :** अ) बुद्धिमान आ) मजदूर **2x 1 = 2**

४९ ऊ) **अन्य वचन रूप लिखिए :** अ) लकीर आ) उँगलियाँ **2x 1= 2**

५० ए) **समानार्थक शब्द लिखिए :** अ) घर आ) नारी **2x 1=2**

५१ ऐ) **विलोम शब्द लिखिए :** अ) एक आ) गुलामी **2x 1=2**

VI अ)निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **5 x 1=5**

५२ ऐतिहासिक नगरी आगरा के निकट सतत प्रवाहिनी नीली–धारा वाली यमुना के दाहिने तट पर ताजमहल स्थित है। बादशाह शाहजहाँ ने इसे अपनी बेगम मुमताज की स्मृति में बनवाया था। अपने पति से बेगम ने इस असार संसार से बिदा लेते समय निवेदन किया था कि "मेरी मृत्यु होने पर एक ऐस मकबरा बनवाना जो संसार में सबसे सुंदर एवं स्थायी हो ।" बादशाह ने अपनी प्राणेश्वरी की अंतिम आकांक्षा की पूर्ति का भरसक प्रयास किया । इसको उसमें सफलता भी मिली । ताजमहल संसार के सात आश्चर्य में से एक है । वर्षों के बाद भी अपने यथावत रुप में दर्शकों के मन को मोह रहा है । सैकडों कारिगरों एवं मजदूरों के निरंतर बीस वर्ष के परिश्रम का परिणाम यह ताजमहल है । इसके बनवाने में बाईस करोड रुपया खर्च हुआ था ।

१) ताजमहल किस नगर में स्थित है?
२) ताजमहल को किसने बनवाया?
३) तजमहल को किसकी अंतिम आकांक्षा की पुर्ति के लिए बनवाया गया?
४) ताजमहल के निर्माण में कितने वर्ष लगे?
५) ताजमहल को बनवाने में कितने रुपये खर्च हुए?

५३ अपने पढाई के बारे में बताते हुए पिताजी को एक पत्र लिखिए । **5 x 1 = 5**

अथवा

चार दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए ।

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **5 x 1 = 5**

५४ i) We are Indians .

ii Where there is a will, there is a way.

iii) A leader should be a servant of the people .

iv) Students must behave in a disciplined way.

v) Rabindranath Tagore established Shantinikethan.

****